11 चूली बागड़ियां ने पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता...



12 प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में रमन सदन ने पहले...




**दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को नया चूल्हा स्थापित कर रसिया-रोटी बनाकर ग्रहण की**

## छठव्रतियों ने किया खरना, सांध्यकालीन अर्घ्य आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

संतान की रक्षा के लिए भगवान सूर्य की उपासना का पर्व छठ बिहार व उत्तर प्रदेश की तरह बहादुरगढ़ में भी रविवार को खरना से शुरू हो गया। व्रती महिलाओं ने रविवार को दिनभर व्रत रखा और शाम को चौके में नया चूल्हा स्थापित कर रसिया-रोटी बनाकर ग्रहण की।

सोमवार शाम को व्रती महिलाएं डूबते सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी। शनिवार को लोगों ने नहाय खाय के तौर पर छठ पूजा शुरुआत की थी और रविवार को खरना का अनुष्ठान किया। इस पर्व के बारे में पुराणों में भी उल्लेख मिलता है।

रविवार को दिनभर खरना का व्रत रखने वाली व्रतियों ने शाम के समय गुड़ से बनी खीर, रोटी और फल का सेवन किया। इसके बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत करते हैं। व्रत समाप्त होने के बाद व्रती अन्न और जल ग्रहण करते हैं।



बहादुरगढ़। रविवार को सब्जी मंडी में खरीदारी करती महिलाएं।

### बाजार में भी छठ पूजा की धूम मची

वीणा ओझा ने बताया कि पंचमी के सायंकाल (खरना पूजन) से ही घर में भगवती षष्ठी का आगमन हो जाता है। इस प्रकार भगवान सूर्य के इस पावन व्रत में शक्ति व ब्रह्मा दोनों की उपासना का फल एक साथ प्राप्त होता है। बाजार में भी छठ पूजा की धूम मची हुई है। देर रात तक खरीदारी होती रही। महिलाएं अपने परिजनों के साथ निकलीं और जरूरी सामानों की खरीदारी कीं। सूर्य आराधना के इस महापर्व को व्रती महिलाएं बहुत ही कठिन नियम से करती हैं। रवि तिवारी ने बताया कि व्रत में पूर्ण सादगी, स्वच्छता व संयम का नियम रखा जाता है। ऐसा मानना है कि इस व्रत से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## छठ महापर्व के दूसरे दिन, खरना रस्म को लेकर छठव्रतियों ने की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को छठव्रतियों ने खरना रस्म को लेकर सब्जी मंडी परिसर व कच्चा बादली रोड स्थित दुकानों पर जमकर खरीदारी की। मंडी परिसर में छठ पूजा का बेचने वालेसामान विक्रेता संजय व परशुराम ने बताया कि वे स्वयं भी पूर्वांचल से संबंध रखते हैं। उनके यहां छठ पूजा का बहुत महत्व है। वे पूजा के दौरान उपयोग लाई जाने वाली संपूर्ण सामग्री बेच रहे हैं। यह व्रत मुख्यतः संतान की दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य तथा परिवार में सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा आवश्यक सामग्री में शामिल टोकरी, सूप, नारियल, नींबू, अदरक, पान, गिरी-छुआरों व मेवा मिष्ठान के अलावा फल व सब्जियों की खरीदारी की गई।

### करीब 36 घंटे का होता है निर्जल व्रत



पहले दिन जहां नहाय-खाय की प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं आज खरना रस्म निभाई जाएगी। रात्रि में खरना या लौहण्डा रस्म के दौरान चने की दाल, चावल, गुड़, दूध, छुआरा, पान, कसार सहित कई मेवा मिष्ठानों द्वारा मीठा प्रसाद तैयार किया जाएगा। प्रसाद का भोग ठाकुरजी को लगाने उपरांत छठव्रती सहित पूरा परिवार छठ मैय्या का ध्यान करते हुए प्रसाद ग्रहण करेगा। उन्होंने बताया कि इस कठिन व्रत में जहां पहले दो दिन ठीक-ठाक निकल जाते हैं वहीं खरना प्रसाद लेने के बाद शुरू होने वाला करीब 36 घंटे का निर्जल व्रत और अधिक कठिन होता जाता है। शहर में रहने वाले पूर्वांचल के लोगों ने सोमवार की शाम कोसली रोड स्थित श्रीब्राह्मण जोहड़ा तालाब पर ढलते सूर्य को अर्घ्य देने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### सीएम का लाडो योजना के लिए आभार जताया

**बहादुरगढ़।** प्रदेश में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने के लिए यशपाल हिंदुस्तानी व हेमलता ने सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उनके अनुसार यह योजना समाज में बेटा-बेटी की समानता का संदेश देने के साथ ही बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। योजना के तहत अब महिलाओं को 2100 रुपये मिलेंगे, जिससे महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त होंगी।



### जिला-उपमंडल स्तर पर आज समाधान शिविर

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया जाएगा। वहीं, उपमंडल बहादुरगढ़, बेरी व बादली में लघु सचिवालय में संबंधित एसडीएम द्वारा जन समस्याएं सुनी जाएंगी।

**मुंगेशपुर ड्रेन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए बड़ी कार्रवाई**

## ड्रेन में सीधी गंदगी छोड़ रहे 12 अवैध कनेक्शन ध्वस्त

कइयों को एक दिन की मोहलत देकर कनेक्शन खुद हटाने की भी चेतावनी दी

*लोगों द्वारा अवैध तरीके से मुंगेशपुर ड्रेन तक पाइप लाइन बिछाकर शौचालय, सीवर की गंदगी डाली जा रही है। इस दिशा में जिला प्रशासन ने अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मुंगेशपुर ड्रेन को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। नगर परिषद बहादुरगढ़, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने ड्रेन में सीधी गंदगी छोड़ रहे दर्जनभर अवैध कनेक्शन ध्वस्त किए। कई परिवारों को एक दिन की मोहलत देकर कनेक्शन खुद हटाने की भी चेतावनी दी।

- टीम ने मुंगेशपुर ड्रेन के आसपास छोटूराम नगर व परनाला के आसपास कार्रवाई की

दरअसल, बहुत से लोगों द्वारा अवैध तरीके से मुंगेशपुर ड्रेन तक पाइप लाइन बिछाकर शौचालय, सीवर की गंदगी डाली जा रही है। इस दिशा में प्रशासन ने अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। संयुक्त टीम द्वारा अवैध कनेक्शन चिह्नित कर काटे जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न विभागों की टीम ने मुंगेशपुर ड्रेन के आसपास छोटूराम नगर व परनाला के आसपास कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने ऐसे स्थानों, मकानों की पहचान की जहां शौचालय व सीवर से सीधी लाइन डालकर ड्रेन में छोड़ी जा रही थी।





बहादुरगढ़। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद एमई जोगेंद्र सिंधु व अन्य। अवैध कनेक्शन को ध्वस्त करता कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ बोले-अभियान और तेज किया जाएगा

टीम में पब्लिक हेल्थ, इरिगेशन, नगर परिषद, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी शामिल रहे। छोटूराम नगर से महिला थाना तक 12 अवैध सीवरेज कनेक्शन डिस्कनेक्ट किए गए। बहुत से परिवारों को एक दिन की मोहलत देकर खुद कनेक्शन बंद करने की चेतावनी भी दी गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में अभियान और तेज किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल ट्रीटेड (उपचारित) पानी ही ड्रेन में पहुंचे। नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु का कहना है कि ड्रेन में सीधी सीवरेज गंदगी नहीं छोड़ी जा सकती। फिलहाल कनेक्शन काटने के साथ साथ लोगों को चेतावनी भी दी जा रही है। यदि लोग बाज नहीं आते है तो केस भी दर्ज कराया जाएगा।

**पिता व भाई की हत्या का मामला**

## आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जमीनी विवाद को लेकर गांव औरंगपुर की सीमा में एक व्यक्ति द्वारा अपने पिता और भाई की हत्या करने मामले में पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दुलीना पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव कलोई में खजान और उसके पुत्र संजय की हत्या करके शव को खुर्द-बुर्द किया गया है।

आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें गठित की। खुफिया तंत्र को स्पेशल गांव में इसी कार्य के लिए लगाया गया और साइबर सेल की टीम की भी मदद ली गई। बाद में पुलिस टीमों ने आरोपी को अशोक को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि खजान और उसका सबसे छोटा बेटा संजय पिछले करीब ढाई महीने से दिखाई नहीं दे रहे थे। एक दिन डाक विभाग का कर्मचारी खजान को बुढ़ापा पेंशन देने उनके घर पहुंचा तो घरवालों ने बताया कि दोनों की एक्सीडेंट में मौत हो चुकी है।



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डीसीपी क्राइम अमित दहिया।

### सबूत एकत्रित करने का काम किया जा रहा

लेकिन इस बात को लेकर गांव वालों ने कहा कि गांव में उनका अंतिम संस्कार नहीं हुआ। जिसको लेकर शक के आधार पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि बीते 6 अगस्त 2025 की शाम को खजान और संजय को मारकर जला दिया गया क्योंकि खजान और संजय का नौरंगपुर के पास स्थित कलोई जमीन को लेकर बड़े बेटे अनिल और अशोक से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी करीब 4 एकड़ जमीनी विवाद को लेकर अशोक ने अपने पिता का खजान और छोटे भाई संजय की हत्या कर दी है। वारदात के बारे में किसी को पता न चले इसके लिए दोनों के शवों को खुर्द-बुर्द करने के लिए पिता और भाई के शव को खेतों में जला दिया और चिता की राख को खेतों में फेंक दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी की निशानदेही पर सबूत एकत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। आरोपी अशोक को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## शहर में निकाला भव्य नगर कीर्तन



झज्जर। ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी से विख्यात झज्जर शहर में रविवार को सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाशोत्सव के के उपलक्ष्य में पंज प्यारों की अगुवाई में निकलता नगर कीर्तन। कीर्तन में सतनाम श्री वाहेगुरु.., जो बोले सो निहाल व सत श्री अकाल के नारे गूंजते रहे।

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि आगामी दो नवंबर को देवउठनी एकादशी पर सामाजिक प्रथा बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।



**डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन**

## विद्यार्थियों ने शहीद हुए पुलिस जवानों को कैंडल मार्च निकाल श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पुलिस शहीदों की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य पंकज वालिया के निर्देशन में अध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर से शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला और शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर जय हिंद और शहीद अमर रहे के नारे लगाए। इस दौरान अपने संबोधन में पंकज वालिया ने कहा कि हमारे देश के वीर पुलिसकर्मी राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं। उनका बलिदान हमेशा सबके लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।



**दो दिवसीय कार्यशाला में अंग्रेजी अध्यापकों को किया प्रशिक्षित**

## कुशल शिक्षक ही विद्यार्थी को सच्चा और सही ज्ञान दे सकताः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में कैपासिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की अंग्रेजी विषय की दो दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख प्रशिक्षक नर्सिंग चाहर एससीईआरटी गुरुग्राम व डाइट बिरही कलां और नीतू चावला ग्लोबल स्कूल रोहतक ने 26 विद्यालयों के 60 अंग्रेजी अध्यापकों को बड़ी सरल व सहज भाषा में प्रशिक्षण दिया। विद्यालय की रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी के दिशा-निर्देशन में दोनों प्रमुख प्रशिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के तहत अंग्रेजी विषय की गहनतम जानकारी दी और विद्यार्थियों को इस विषय को रूचिकर बनाने की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

**कार्यशाला में उपस्थित अध्यापक एवं विषय विशेषज्ञ**



एच डी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि आने वाली शिक्षा प्रणाली से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। इसलिए ऐसी नीति मुहैया कराई जा रही है कि कोई भी विद्यार्थी पीछे न रहे। इसके लिए सीबीएसई बोर्ड ने पहले अध्यापकों को प्रशिक्षित करने की जो मुहिम चलाई है, वह काबिले तारीफ है क्योंकि एक कुशल शिक्षक ही विद्यार्थी को सच्चा व सही ज्ञान दे सकता है। इस मौके पर एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, प्राचार्य सतबीर सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**कल्पना चावला की स्मृति में गांव लोवा खुर्द में प्रतियोगिता आयोजित**

## लड़कियों की अंडर-16 फुटबॉल प्रतियोगिता में जींद की टीम ने माछरौली को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कल्पना चावला की स्मृति में गांव लोवा खुर्द में आयोजित लड़कियों की अंडर-16 फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। फाइनल मैच में माछरौली को हराकर जींद की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। गत 21 सितंबर को यह प्रतियोगिता शुरू हुई थी। जींद, रोहतक और झज्जर जिले की टीमों ने इसमें भाग लिया। कुल 28 मैच खेले गए।

**कुल 28 मैच खेले गए**



बहादुरगढ़। गोल के लिए बॉल के पीछे दौड़तीं खिलाड़ी।

### बेस्ट प्लेयर ऑफ द लीग मीनाक्षी रही

रविवार को फाइनल मुकाबला हुआ। मुख्य अतिथि विधायक राजेश जून, विशिष्ट अतिथि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के पूर्व सचिव शाजी प्रभाकर, सीआईआई सुनील मिश्रा, सुड केमिक से एसके गुप्ता, चीफ कोच रोहित पाराशर, मिस दीपिका, सुंदर, डॉ. मोनिका, मिस शालू आदि ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर मुकाबला शुरू कराया। रेफरी की भूमिका में श्लोक, अक्षित, निखिल, मोंटू रहे। फाइनल मैच में जींद आर्या टीम ने माछरौली को 2-0 के अंतर से हरा दिया। जींद की तरफ से मीनाक्षी और कशिश ने गोल दागे। लीग में बेस्ट डिफेंडर कोमल, बेस्ट मिडफील्डर मानसी, बेस्ट स्ट्राइकर मुस्कान, बेस्ट गोलकीपर काफी, टॉप स्कोरर रितिका, बेस्ट प्लेयर ऑफ द लीग मीनाक्षी रही।

### सम्मानित किया

*अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस लीग में सुड केमिक और जोश एनजीओ ने सपोर्ट किया। प्रधान विनोद जून, कमेटी प्रधान नरेश कुमार, कोच सुदर्शन, विनय, मुनेश, आरती, प्रदीप, विधि, शिवानी, पूनम, लाला मास्टर, बीजे, विशाल जून, शमशेर सिंह, जयवीर आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।*



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style


# उर्वशी

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।



## हॉलीवुड मसाला




# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सट्र्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'




# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***



***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

### लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगी। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।***

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप



### सड़कों पर एंटी स्मॉग गन और टैंकरों से पानी का छिड़काव किया जा रहा

**बहादुरगढ़।** वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-2 के तहत लगाए गए सभी प्रतिबंधों को बहादुरगढ़ सहित जिलेभर में लागू किया जा रहा है। बहादुरगढ़ में संबंधित विभागों द्वारा वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर सड़कों पर एंटी स्मॉग गन और टैंकरों से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। एसडीएम एवं नोडल अधिकारी नसीब कुमार ने बताया कि जो भी औद्योगिक इकाई, संस्था, विभाग या व्यक्ति प्रदूषण नियंत्रण मानकों का उल्लंघन करेगा, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए प्रशासन द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए व्यापक व प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को समूह में शामिल कर यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नगर परिषद द्वारा शहर में एंटी स्मॉग गन और वाटर स्प्रिंकलिंग के माध्यम से सड़कों और पेड़ों पर धूल नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।

### एशियन यूथ गेम्स में जीतने पर गांव निजामपुर में हुआ अभिनंदन समारोह

## बहरीन से गोल्ड जीतकर लौटी खुशी का हुआ भव्य स्वागत

समारोह में मिठाइयां बांटी गईं पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा




**बहादुरगढ़।** गांव निजामपुर में खुशी छिल्लर का स्वागत करते ग्रामीण।



**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून को स्मृति चिह्न भेंट करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर से सटे गांव निजामपुर की बेटी खुशी छिल्लर ने अंडर-18 तीसरे महिला एशियन यूथ गेम्स कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बहरीन से पदक जीतकर लौटी खुशी के सम्मान में रविवार को गांव निजामपुर में ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में खुशी छिल्लर का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार अभिनंदन किया गया। उनकी कोच सरीता का भी भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गजेंद्र दराल ने शिरकत करते हुए खुशी का स्वागत किया और आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि खुशी छिल्लर ने स्वर्ण पदक हासिल कर न केवल देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि गांव निजामपुर समेत पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। दिल्ली स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन निरंजन सिंह ने भी खिलाड़ी खुशी को सम्मानित किया। अर्जुन अवार्डी खिलाड़ियों राकेश छिल्लर और मंजीत छिल्लर ने भी खुशी का अभिनंदन करते हुए प्रोत्साहित किया। उनके पिता अशोक छिल्लर और दादा बलबीर छिल्लर ने कहा कि खुशी की यह सफलता निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह में मिठाइयां बांटी गईं और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा।

### विधायक ने किया फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित

*बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून ने रविवार को गांव मेहंदीपुर डाबौदा कलां और लोवा खुर्द में हुई प्रतियोगिताओं में फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने दादा भइया फुटबॉल क्लब को 31 हजार रुपये की राशि भेंट की। वहीं लोवा खुर्द में आयोजकों को 5100 रुपये का योगदान देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। विधायक राजेश जून ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों में निरंतर भाग लेना चाहिए। खेल मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होते हैं। नायब सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में रोजगार व सम्मान के अनेक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गांवों में खेल प्रतियोगिताओं से छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिलता है। वे भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खेल सुविधाओं के विस्तार में वे हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़े रहेंगे। इसके उपरांत विधायक राजेश जून विभिन्न सामाजिक व पारिवारिक आयोजनों में भी शामिल हुए।*

## चूली बागड़ियां ने पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता जीती

विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता को 41 हजार का इनाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मेहंदीपुर डाबोदा में आयोजित पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। शानदार प्रदर्शन करते हुए हिसार की चूली बागड़ियां टीम ने फाइनल में बलंभा को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

गत 23 अक्टूबर को यह पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता डाबोदा के सरकारी स्कूल के मैदान में शुरू हुई थी। हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान की 35 टीमों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन के बूते नूना माजरा, बलंभा, चूली बागड़ियां व डाबोदा कलां की टीम सेमी फाइनल में पहुंची। रविवार को निर्णायक मुकाबले हुए। पहले सेमीफाइनल में डाबोदा कलां को हराकर बलंभा की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।




**बहादुरगढ़।** ट्रॉफी के साथ विजेता चूली बागड़ियां टीम। फोटो :हरिभूमि

**विजेता टीम को सम्मानित किया**

वहीं दूसरे सेमी फाइनल में चूली बागड़ियां ने नूना माजरा को हरा दिया। फाइनल में बलंभा व चूली बागड़ियां की टीम में भिड़ंत हुई। इस मैच का फैसला पेनल्टी शूट में हुआ, जिसमें 4-3 के अंतर से चूली बागड़ियां हिसार ने बाजी मार ली। विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता को 41 हजार का इनाम दिया गया। दादा भैया फुटबॉल क्लब के प्रधान दलबीर दलाल व समस्त कमेटी ने विजेता टीम को सम्मानित किया। अन्य टीमों को भी प्रोत्साहित किया। कोच प्रदीप ने कहा कि प्रतियोगिता बेहद शानदार रही। भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

### दिल्ली बार्डर तक निकली पद यात्रा में शामिल होने पहुंचे यादव महासभा के सदस्य



**झज्जर।** वीर अहीर रेजांगला शहीदों के सम्मान में खेड़की दौला अहीर रेजिमेंट धरना स्थल से रजोकरी दिल्ली बोर्डर तक निकाली गई पद यात्रा में स्थानीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोग पदयात्रा में शामिल हुए। वीरेंद्र दरोगा ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य रेजांगला में शहीद हुए जवानों की याद में बनने वाली फिल्म का नाम 120 बहादुर की बजाय 120 वीर अहीर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस शीर्षक से देश पर कुर्बान होने वाले वीर अहीर योद्धाओं की शहादत और बहादुरी को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि शहीद होने वाले 114 जवानों में 111 अहीर जवान थे। जब तक फिल्म का नाम बदल कर 120 वीर अहीर नहीं किया जाएगा तब तक पूरा यादव समाज संघर्ष करता रहेगा। यात्रा में उनके साथ विजय यादव, कृष्ण दहिया, प्रकाश, विजय नंबरदार, बीर सिंह, सुरेंद्र यादव, हजारी यादव, हरबख्श फौजी, संतराम नंबरदार, रामचंद्र, सर्वेश यादव, प्रमोद यादव, ऋतिक यादव, सुनील यादव, चमन, प्रदीप कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## इकबाल चंदाना राज्य प्रधान तो यशपाल बने महासचिव




**बहादुरगढ़।** मंच पर मौजूद यूनियन के नए पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**यूनियन के रिटायर्ड सीनियर पदाधिकारियों की देखरेख में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएसईबी वर्कर यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव सम्मेलन 2025-28 बहादुरगढ़ के हिलटन रिसोर्ट में सौहार्दपूर्ण माहौल व लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न हुआ। इकबाल चंदाना राज्य प्रधान तो यशपाल सिंह राज्य महासचिव बने हैं।

यूनियन के रिटायर्ड सीनियर पदाधिकारियों की देखरेख व अगुवाई में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। पूर्व राज्य महासचिव चौधरी वीर सिंह व पूर्व राज्य वित्त सचिव देवी प्रसाद भट्ट ने मुख्य चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाई। मंच संचालन पूर्व राज्य वित्त सचिव अनिल कौशिक ने किया। चुनावी प्रक्रिया के तहत वोटों की गिनती के आधार पर चुने गए पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इकबाल चंदाना राज्य प्रधान बने हैं। जबकि यशपाल सिंह को राज्य महासचिव की जिम्मेदारी मिली है। विनोद शर्मा राज्य मुख्य संगठनकर्ता, अशोक शर्मा राज्य वरिष्ठ उपप्रधान, विजय हुड्डा, राज्य उप महासचिव, सत्येंद्र सहारण राज्य उप महासचिव, श्यामलाल खोड़ राज्य प्रेस सचिव, अनिल पहल राज्य वित्त सचिव, मनोज सैनी ने ऑडिटर की शपथ ली है। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्ण निभाने का भरोसा दिलाया। इस दो दिवसीय चुनाव सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महासचिव चौधरी ईश्वर बाबा, पूर्व राज्य प्रधान चौधरी राज सिंह दहिया, पूर्व राज्य महासचिव चौधरी सुंदर सिंह, पूर्व राज्य महासचिव जय सिंह चौधरी, पूर्व मुख्य संगठन कर्ता रामफल शर्मा, पूर्व राज्य महासचिव बाल कुमार शर्मा ने शिरकत की। सम्मेलन में प्रदेशभर के कर्मचारियों, पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## जीवन को शुभ कर्मों व ईश्वर ध्यान से जोड़कर रखें

- यज्ञ, भजन एवं प्रवचन द्वारा मनाया पवित्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** यज्ञ के दौरान उपस्थित आर्यजन। फोटो :हरिभूमि

महर्षि दयानंद शिक्षण केन्द्र भट्ठी गेट में आर्य जगत के प्रसिद्ध योग साधक नैष्ठिक ब्रह्मचारी सुभाष आर्य के पंचम स्मृति दिवस पर यज्ञ, भजन, प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के अधिष्ठाता आचार्य विजयपाल योगार्थी ने की। उन्होंने कहा कि हर वैदिक धर्मी को यज्ञोपवित धारण कर अपने कर्त्तव्यों को निभाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित आचार्य आशीष दर्शानाचार्य ने कहा कि सच्ची साधना वही है जिसमें व्यक्ति अपने जीवन को शुभ कर्मों, ईश्वर ध्यान, यज्ञ और स्वाध्याय से जोड़कर रखे। कार्यक्रम में भजनोपदेशक कुलदीप भास्कर ने भजनों के माध्यम से महात्मा सुभाष आर्य व महर्षि दयानन्द सरस्वती को श्रद्धांजलि देते हुए आर्य समाज की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजक समिति सदस्य मुकेश आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक शिक्षाविदों ने महात्मा ब्रह्मचारी सुभाष आर्य को पुष्पार्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।

### यह मौके पर रहे

इस मौके पर एससीईआरटी के उप निदेशक वीरेंद्र नारा, पूर्व विधायक अजीत सिंह, पूर्व प्राचार्य होशियार सिंह, स्वामी ओमानंद महाराज पाटौदी, आचार्य आत्म प्रकाश, फ्लाइंग ऑफिसर महाबीर सिंह, पंतजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रवीण आर्य, योग शिक्षक राम निवास, आचार्य शतक्रतु, राजीव आर्य, हरिओम आर्य, लाला प्रकाश वीर, किस्मत दलाल, ब्रह्माचारी अनंत, जिले सिंह आर्य, आचार्य रमेश, पंडित जयभगवान आर्य, दयानंद, दलीप सिंह, सुशीला, सुमित्रा, आचार्या अरविंद गार्गी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### लाइनपार में श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



बहादुरगढ़। श्री श्याम गुणगान मंडल की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 9वां श्री श्याम वंदना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। लाइनपार के राधे फार्म हाउस में हुए इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। गायकों के मधुर भजनों पर रातभर श्रद्धालु झूमते दिखे। महोत्सव में मुख्यातिथि के तौर पर विधायक राजेश जून ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में पालेराम शर्मा, रमेश राठी, संजय सैनी, संदीप दहिया व नकुल कौशिक आदि शामिल थे। श्री श्री 1008 अंनत श्री विभूषित दृशान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद गिरी महाराज, श्री बालाजी मंदिर बहादुरगढ़ से श्री श्री 1008 महंत श्री गणेश महाराज के पावन सान्निध्य में यह महोत्सव मनाया गया। मांगेराम अत्री, संस्कृति राजपूत, पंकज सोनी, वेदप्रकाश, सौरभ कौशिक, पंकज शर्मा, निरंजन शर्मा, सुनील रंगा व दीपांशु ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। असंख्य लोगों ने खाटू वाले श्याम बाबा के भव्य दरबार में मत्था टेककर पूजा अर्चना की। सभी के स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना की। महोत्सव के दौरान श्याम रसोई में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अश्वनी वशिष्ठ, सुनील पंवार, हर्ष, अनिल, सौरभ, वेदप्रकाश, पवन नागर, पुरुषोत्तम राठी, शीलक राम, महेश शर्मा, राहुल भारद्वाज व गौरव आदि मौजूद रहे।

### सेना के लिए रक्तदान शिविर लगाएगा ट्रस्ट



**बहादुरगढ़।** बैठक में मौजूद विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। चंद्रभान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी तीन दिसंबर को सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र एवं छात्रावास निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की ओर से शहर के सामाजिक संगठनों व गणमान्य व्यक्तियों की एक विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई, जिसमें 36 विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार व समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी संगठनों ने इस सामाजिक कार्य में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, समाजसेवी सत्येंद्र दहिया, विनय गोयल, महावीर जांगड़ा, रविंद्र जून, विजय मुदगिल, नीरज वत्स, प्रदीप रेढू, अनिल एडवोकेट, दिनेश, नरेश कौशिक, एनएस कपूर, जगबीर सिंह, हरीश बजाज, डॉ. मुकेश शर्मा, हरिओम अहलावत, प्रवीण मान, राजेश खत्री, संजय दलाल व उषा देवी आदि उपस्थित रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि सेना के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करना हमारे लिए गर्व की बात है। ट्रस्टी विनय गोयल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र व छात्रावास निर्माण का उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सत्यपाल सिंह व सत्येंद्र दहिया ने लोगों से अपील की कि वे इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें।

## सरकार जरूरी मुद्दों से भटका रही ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से चर्चा करते पूर्व विधायक राजेंद्र जून। फोटो :हरिभूमि

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ 12 साल पुराने मामले में हुई कार्रवाई को भाजपा की राजनीतिक साजिश बताया। उनके अनुसार भाजपा बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की दुर्दशा जैसी जनता की असल समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए विपक्षी नेताओं को फंसा रही है। रविवार को अपने कार्यालय में समर्थकों और कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने की राजनीति कर रही है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है और विकास के नाम पर केवल कागजी योजनाएं चल रही हैं। पूर्व विधायक के अनुसार भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। राजेंद्र जून ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के बीच जाकर भाजपा की नाकामियों को उजागर करें और संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाएं। कार्यालय में बैठक के बाद उन्होंने हलके के कई गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। पूर्व विधायक ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं है, बल्कि समाज सेवा का माध्यम है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और हर संभव सहायता प्रदान करें।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया 22वां वार्षिक सम्मेलन

## समाज व राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज का योगदान प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आर्य समाज सेक्टर-6 का 22वां वार्षिक सम्मेलन दिनांक रविवार को शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चेयरपर्सन सरोज राठी उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता आत्म शुद्धि आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव ने की। समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में आर्य वीर दल दादरी के संचालक स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज का योगदान ऐतिहासिक और प्रेरणादायी रहा है। महर्षि दयानंद ने हमें सत्य, सद्भाव और संस्कार का मार्ग दिखाया। कन्या गुरुकुल लोवा कलां की प्राचार्या डॉ. राजन मान ने बताया कि स्वामी दयानंद ने स्त्री शिक्षा को आवश्यक मानते हुए बाल विवाह, पर्दा प्रथा, सती प्रथा और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों का अंत किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में स्वामी रामानंद ने कहा कि वैदिक संस्कृति और सदाचार से परिपूर्ण यह आयोजन समाज में सेवा, संस्कार और एकता की ज्योति प्रज्वलित करता है। आर्य प्रतिनिधि सभा जिला झज्जर के प्रधान आर्य हरिओउ्म दलाल ने आह्वान किया कि हमें दयानंद सरस्वती जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक बेहतर भविष्य के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। रविवार प्रातः 9 बजे हवन के साथ समारोह का आरंभ हुआ। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल की छात्राओं व डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 में हुए कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं, सम्मेलन में उपस्थित आर्य समाज से जुड़े लोग। फोटो :हरिभूमि

**समारोह में ये मौजूद रहे**

समारोह में बादली से अजीत सिंह, गुभाणा माजरी से आर्य उमेद सिंह, आसोदा से राजपाल आर्य, सोमवीर आर्य, सर्वहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबीर आर्य, सतपाल वत्स, मास्टर सतपाल दहिया, मास्टर रामचंद्र रुहिल, राजेश राठी, जयपाल दहिया, संतलाल मलिक, सतबीर राठी, सत्यमुनी वशिष्ठ, अतर सिंह दलाल, शिव स्वामी, यशवीर दलाल, राजपाल छिल्लर, अंजु आर्या, कौशल्या आर्या, लक्ष्मी आर्या, सुदेश आर्या, संता आर्या, अनु आर्या, प्रतिभा आर्या आदि ने भाग लिया।

## आईओक्यूएम परीक्षा में आकाश इंस्टीट्यूट के दो विद्यार्थी उत्तीर्ण

**दोनों विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** होनहार विद्यार्थी कशिका व अमन। फोटो :हरिभूमि

आकाश इंस्टीट्यूट के दो मेधावी विद्यार्थियों ने भारतीय ओलंपियाड क्वालिफिकेशन इन मैथेमेटिक्स परीक्षा उत्तीर्ण कर रीजनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

संस्थान के निदेशक एडवोकेट जितेंद्र खत्री ने बताया कि उनके संस्थान के छात्र अमन और छात्रा कशिका ने यह उपलब्धि हासिल की है। आईओक्यूएम देशभर में आयोजित की जाने वाली प्रतिष्ठित गणितीय प्रतियोगी परीक्षा है। जिसका संचालन हॉमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन और इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा किया जाता है। उन्होंने दोनों विद्यार्थियों के अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पुष्पवर्षा से लोगों ने यात्रा का किया भव्य स्वागत

# जो बोले सो निहाल व सत श्री अकाल...के नारों से गूंजा शहर

## बाबा निष्काम सेवा समिति की ओर से शहर में निकाला गया भव्य नगर कीर्तन





झज्जर। यात्रा के दौरान झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करते हुए महिला श्रद्धालु तथा यात्रा के दौरान चक्र से करतब दिखाते हुए बाबर खालसा ग्रुप के सदस्य और अंबेडकर चौक पर हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए बाबर खालसा ग्रुप के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

■ महिला श्रद्धालु ने यात्रा के दौरान झाड़ू लगाकर रास्ते को साफ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी से विख्यात झज्जर शहर में रविवार को सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाशोत्सव के के उपलक्ष्य में पंचायती गुरुद्वारा एवं बाबा नानक निष्काम सेवा समिति की ओर से विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह पंचायती गुरुद्वारे से शुरू हुआ यह नगर कीर्तन बेरी गेट, बनारसी दास मार्ग, अंबेडकर चौक, भट्टी गेट, बाबा बालक नाथ मंदिर, गुरुद्वारा चौक, सिलानी गेट, मढ़ी माता मंदिर, मां वैष्णो चौक, मेन बाजार के प्राचीन हनुमान मंदिर, डायमंड चौक व नेताजी सुभाष चौक से होता हुआ वापिस गुरुद्वारा परिसर पहुंच कर संपन्न हुआ।




झज्जर। अंबेडकर चौक पर पटाबाजी करते हुए ग्रुप सदस्य और तलवार बाजी का करतब दिखाते हुए बाबर खालसा ग्रुप सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### गतका पार्टी रही आकर्षण का केंद्र

नगर कीर्तन में बाबर खालसा गतका ग्रुप अलवर के सदस्यों का हैरतअंगेज करतब आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रुप के सदस्यों द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर गतका, तलवार बाजी, पटाबाजी आदि का प्रदर्शन करते हुए लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर किया। जब ग्रुप के सदस्य एक-दूसरे पर लाठियों से वार कर रहे थे एक बारगी ऐसा प्रतीत होता था जैसे वे सचमुच में लड़ाई लड़ रहे हों।

### विभिन्न स्थानों पर हुआ नगर कीर्तन यात्रा का स्वागत

शहर में निकाले गए नगर कीर्तन के दौरान टाउन पार्क, श्रीराम धर्मशाला, मढ़ी माता मंदिर व बाबा कांशीगिरी मंदिर सहित अनेक स्थानों पर यात्रा का स्वागत भी किया गया। इस दौरान जहां टाउन पार्क व श्रीराम धर्मशाला पर श्रद्धालुओं द्वारा जलपान की सेवा दी गई वहीं मढ़ी माता मंदिर पर फल वितरण व कांशीगिरी मंदिर के नजदीक पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। पंचायती गुरुद्वारा के प्रमुख सेवक विनीत पोपली ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा को गुरुनानक देव जयंती के अवसर पर आगामी पांच नवंबर को गुरुद्वारा परिसर में एक बजे लंगर का आयोजन भी किया जाएगा।

### फूलों से सजी पालकी

महिलाओं ने सेवा भाव से हाथों में झाड़ू लेकर मार्ग की सफाई की कीर्तन में सतनाम श्री वाहेगुरु.., जो बोले सो निहाल व सत श्री अकाल के नारे गूंजते रहे। फूलों से सजी पालकी में विराजमान श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई पंज प्यारों द्वारा की गई जबकि साध-संगत गुरुवाणी का पाठ करते हुए कीर्तन में शामिल रही। नगर कीर्तन के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। महिलाओं ने सेवा भाव से हाथों में झाड़ू लेकर मार्ग की सफाई की। इस मौके पर समिति प्रधान ईश्वर शर्मा, पार्षद कमल गिरोत्रा, अशोक जुनेजा, विनीत पोपली, प्रताप गेरा, अंकुर खुराना, गुलशन शर्मा, गीतांशु चावला, अमित सचदेवा, हर्ष डोगरा, गौरव तनेजा, सुधांशु हंस, तरूण गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, बिल्लू धींगड़ा, वेद बहल पाशु, नीरज पोपली अन्य उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। बैठक में अपने विचार रखते जयपाल सांगवान। फोटो: हरिभूमि

## शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ स्मारक के बाहर बैठक आयोजित में जताया आक्रोश

देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के स्मारक स्थल अनदेखी के शिकार हैं। शहर में रोहतक-दिल्ली रोड स्थित शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी के स्मारक स्थल का भी कुछ यही हाल है। चीन के साथ युद्ध में शहीद हुए सांखोल के ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी के इस स्मारक स्थल के अंदर और बाहर सफाई व्यवस्था का अभाव है। बाहर नाला भी बदहाल है। इस स्मारक के जीर्णोद्धार की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। लेकिन इस दिशा में ध्यान न दिए जाने के कारण पूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं में रोष है। शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्मारक के जीर्णोद्धार को लेकर जन रक्षा मंच ट्रस्ट की ओर से रविवार को स्मारक के बाहर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पूर्व सैनिक सूबेदार हरिकिशन दहिया ने की, जबकि संचालन ट्रस्ट के प्रधान विजय कुमार कालीरामना ने किया। बैठक में पूर्व सैनिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ट्रस्ट प्रधान विजय कुमार कालीरामना ने बताया कि वेटरन एयर वारियर्स एसोसिएशन पिछले दो वर्षों से नगर परिषद को कई बार पत्र लिखकर स्मारक के जीर्णोद्धार की मांग कर चुकी है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासन को स्मारक स्थलों पर ध्यान देना चाहिए। रेलवे रोड पर शहीद कैप्टन कुलदीप के नाम से द्वार भी बनवाना चाहिए।

### बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सोमवार को विधायक राजेश जून को स्मारक के जीर्णोद्धार संबंधी पत्र सौंपा जाएगा। इस अवसर पर जयपाल सांगवान सहित अन्य ने भी अपने विचार रखे। कोच पवन चाहर, सोमेश राठी, प्रवीण राठी, मनीष चाहर, नरेंद्र कादियान, राजबीर खोखर, धनराज तहलान, अनिल राठी, पहलवान कृष्ण अहलावत, सतबीर दहिया सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

## पूर्वांचलवासियों व नप सफाई कर्मियों का सफाई अभियान

# पार्षद डॉ. नीना सतपाल ने छठ घाट पर की सफाई, नहर किनारे पूजा घाट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सैनिक नगर बारातघर के निकट आज विशाल जागरण

नगर पार्षद डॉ. नीना सतपाल राठी ने छठ महापर्व की तैयारियों के दौरान वार्ड-30 के सैनिक नगर स्थित पूजा घाट स्थल पर पूर्वांचलवासियों व नप के सफाई कर्मियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। राठी के सहयोग से सैनिक नगर में नहर किनारे पूजा घाट तैयार किया गया है। यहां हजारों पूर्वांचलवासी छठ पर सूर्य को अर्घ्य देंगे। डॉ. नीना सतपाल राठी ने सफाई करते हुए छठ मैया से सभी के स्वस्थ, समृद्ध एवं खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने इस पूजा घाट स्थल पर लाइट की व्यवस्था भी करवाई है। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हों। सैनिक नगर बारातघर के निकट सोमवार को विशाल जागरण भी होगा।



बहादुरगढ़। सैनिक नगर पूजा घाट स्थल पर सफाई करती डॉ. नीना सतपाल राठी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### अवैध हथियारों सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्तौल, रिवाल्वर तथा कारतूस बरामद हुए हैं। दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। मामले में जानकारी देते हुए सीआईए प्रभारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक लड़का स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर रोहतक से दिल्ली की तरफ जाएगा। इस आधार पर बहादुरगढ़ बाईपास नजफगढ़ फ्लाईओवर के नजदीक नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी रुकवाई गई। चालक की तलाशी ली गई तो उसके पास एक अवैध हथियार और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुनीत निवासी नांगलोई दिल्ली के तौर पर की गई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में जांच करते हुए एक अन्य आरोपी मनदीप को काबू किया गया।

■ लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

# शहर में थम नहीं रहीं चोरियां, मकान से लाखों के आभूषण व नकदी चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में चोरी की वारदात नहीं थम रहीं। अब छोटूराम नगर में स्थित एक मकान में वारदात हो गई। परिवार छठ मनाने के लिए गांव गया था और पीछे से चोरों ने मकान के ताले चटका लाखों के आभूषण चुरा लिए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात अनुराधा के मकान में हुई है। बिहार मूल की अनुराधा का कहना है कि वह यहां परिवार सहित छोटूराम नगर वार्ड 9 में रहती है। छठ पर्व मनाने के लिए पति, देवर व बच्चे आदि 23 अक्टूबर को गांव चले गए। वह अकेली थी और फिर 24 अक्टूबर को वह भी अपने मायके चली गई। मकान की चाबी ननद गुड़िया को सौंप दी थी। शनिवार को ननद ने फोन पर सूचना दी कि आपके मकान का गेट खुला है। यह सूचना पाकर वह कुछ समय बाद अपने घर लौटी। अंदर देखा तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। सामान खंगाला गया था।

### मोबाइल टावर की आठ बैट्रियां चोरी

बहादुरगढ़। मोबाइल टावर भी चोरों के निशाने पर हैं। अब यहां लोवा खुर्द गांव में टावर से आठ बैट्रियां चुरा ली गई। जब सेवाएं प्रभावित हुई तो सुरक्षा कर्मियों को वारदात का पता चला। इस संबंध में सदर थाने में केस दर्ज कराया गया है। शिकायत में दहकोरा के निवासी अजीत का कहना है कि वह आरएस सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर है। हमारी कंपनी इंडस कंपनी के टावरों की सुरक्षा करती है। एक टावर लोवा खुर्द में लगा है। अभी हाल ही में टावर की सेवाएं प्रभावित हुई तो टेक्निशियन ने जांच की। इस दौरान पता चला कि ताला तोड़कर टावर से आठ बैट्रियां चुराई गई हैं। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### यह सामान उड़ा ले गए

जांच करने पर सोने का टीका, नथ, कानों के तीन जोड़े बाले, एक गले का हार, पांच अंगूठी, दो कड़े, चांदी की दो जोड़ी पायल व 30 हजार रुपये की नकदी गायब थी। फिर पुलिस को सूचना दी गई। लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने अनुराधा की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की तह तक जाने के लिए आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी।

### शहद को भावांतर भरपाई योजना में किया शामिल

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सभी श्रेणी के आवेदकों को मधुमक्खी बॉक्स (बी बॉक्सिज) एवं मधुमक्खी कॉलोनिज (बी कॉलोनिज) पर 85 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मधुमक्खी पालकों को शहद का मार्केट में उचित भाव न मिलने के कारण नुकसान से बचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया गया है। मधुमक्खी पालक समय पर पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रमन सदन ने पहले स्थान पर जमाया कब्जा

■ प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

सनराइज हाई स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीमों को कलाम सदन, कल्पना सदन, रमन सदन, नंदनी सदन ग्रुप में बांटा गया। प्रतियोगिता में रमन सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नंदनी सदन ने द्वितीय जबकि कल्पना सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान निदेशक रवि यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होना चाहिए। ये प्रतियोगिताएं बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करती हैं। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मेहनत और सही माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति संभव : नवींद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। निदेशक नवींद्र कुमार को मेडल पहनाकर सम्मानित करते संस्थान स्टाफ सदस्य।

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के प्रतिष्ठित मास्टर ऑफ बिजनेस लॉ कार्यक्रम के छात्र और द हाइट्स संस्थान के निदेशक नवींद्र कुमार ने अपने दृढ़ संकल्प और हाइब्रिड शिक्षा का लाभ उठाते हुए एक बड़ी शैक्षणिक सफलता हासिल की है। उन्होंने दो वर्षीय एमबीएल की डिग्री में 7.0 सीजीपीए में से 4.4 सीजीपीए प्राप्त करते हुए बी प्लस ग्रेड हासिल किया। नवींद्र कुमार ने बताया कि उन्हें यह डिग्री बीती सात सितंबर को आयोजित एनएलएसआईयू के 33वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मिली। इस उपलब्धि पर संस्थान स्टॉफ सदस्य हरिओम, दिनेश, अनीता, मोनिका और ज्योति तनेजा ने निदेशक नवींद्र कुमार को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को दिए अपने संदेश में कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। व्यस्तताओं के बावजूद लगन और सही माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करना संभव हो सकता है।

**सीख** गांव कबलाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को कराया विभिन्न योग व प्राणायामों का अभ्यास

स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग करने की प्रेरणा भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव कबलाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य जगदीश सहवाग ने विद्यार्थियों को योग व प्राणायामों की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने व पौष्टिक आहार लेने की प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को घर में बना सात्विक भोजन ग्रहण करना चाहिए और फास्ट फूड व जंक फूड व कोल्ड ड्रिंक आदि चीजों का परहेज करना चाहिए।



झज्जर। विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य जगदीश सहवाग। फोटो: हरिभूमि

### योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान

इसके अलावा विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना सहयोग करने की प्रेरणा भी दी गई। प्राचार्य अजय खोखर ने भी विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, शिक्षा का महत्व, प्रकृति संरक्षण व बड़ों का आदर करने के महत्व पर जानकारी दी गई। इस मौके पर सौरभ मेहंदिया, नीलम देवी, सुनील कुमार, अतर सिंह, प्रवीण कुमारी, सुनील कुमारी, सुभाष पीटीआई, नीलम रानी, जयपाल शास्त्री, अमित वशिष्ठ, सुनील कोडान अन्य उपस्थित रहे।

### अवशेष जलाने की बजाय सदुपयोग करें किसान

बेरी। एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि फसल अवशेष विशेषकर पराली प्रबंधन को लेकर सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। जिनका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल अवशेषों को नष्ट नहीं करना चाहिए बल्कि उनका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष को परेशानी ना मानकर कमाई का साधन बनाएं। उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन और निगरानी को लेकर ग्राम स्तर, ब्लॉक, उपमंडल स्तर पर समितियां गठित की गई हैं। यह कमेटियां अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ लें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

